हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 27 नवंबर 2025

06 मतदाता सूची का शुद्धिकरण अभियान है एसआईआर...



07 77वां राष्ट्रीय संविधान दिवस मनाया





## सामाजिक संगठनों ने फूंका पुतला

# वर्मा के विवादित बयान पर गुना में हुआ उग्र विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

आईएएस संतोष वर्मा के कथित विवादित और आपत्तिजनक बयान के खिलाफ बुधवार को शहर में गहरा आक्रोश देखने को मिला। बयान के सार्वजनिक होने के बाद ब्राह्मण समुदाय और सवर्ण संगठनों सहित कई सामाजिक इकाइयों ने हनुमान चौराहे पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। भीड़ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए आईएएस वर्मा का पुतला दहन किया और आरोप लगाया कि बयान सामाजिक समरसता को तोड़ने, समुदायों के बीच वैमनस्य फैलाने और समाज में असुरक्षा पैदा करने वाला है।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि एक जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी द्वारा ऐसा बयान दिया जाना न केवल अनुशासनहीनता है, बल्कि कानूनन भी गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है।



संगठनों का मत था कि इस तरह की टिप्पणी समाज के दो वर्गों के बीच तनाव बढ़ाने, सामाजिक सौहार्य बिगाड़ने और संवैधानिक मूल्यों पर चोट करने वाली है। भीड़ ने कड़े शब्दों में विरोध दर्ज कर तत्काल निलंबन, सेवा आचरण नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई और आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की। विरोध रैली के बाद प्रतिनिधिमंडल कलेक्टोरेट पहुंचा और एसपी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।

### जातिगत टिप्पणी पर दर्ज की जाए एफआईआर

ज्ञापन में मांग की गई कि विवादित बयान को घृणास्पद भाषण माना जाए और संबंधित धाराओं के तहत **FIR** दर्ज कर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई अधिकारी या व्यक्ति समाज को जातिगत आधार पर भड़काने का दुस्साहस न कर सके। प्रदर्शन के दौरान नारों, गुस्से और विरोध की गूंज पूरे क्षेत्र में सुनाई दी। संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि तत्काल कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और अधिक उग्र स्वरूप ले सकता है। शहर में इस मुद्दे को लेकर भारी तनाव और तीव्र जनआक्रोश का माहौल बना हुआ है। गौरतलब है कि हाल ही में कर्मचारी संगठन अजाक्स के सम्मेलन को संबोधित करते हुए आईएएस अधिकारी ने विवादास्पद बयान दिया था। जिसे लेकर समाज में गुस्सा बना हुआ है।

### स्वर्ण आर्मी ने भी फूंका आईएएस का पुतला

जिला सवर्ण आर्मी गुना के अध्यक्ष विक्रम सिंह तोमर ने बताया सर्व समाज के नेतृत्व में हनुमान चौराहे पर विवादित आईएएस संतोष वर्मा पुतला जलाया। ब्राह्मण समाज सवर्ण आर्मी और सर्व समाज ने राज्य सरकार के नाम पर ज्ञापन सौंपा। आंदोलन की अगुवाई कर रहे विक्रम तोमर ने बताया कि यदि कोई **IAS** अधिकारी सामान्य जाति के लोगों और महिलाओं के बारे में अपमानजनक या अभद्र टिप्पणी करता है, तो उसे गंभीर अनुशासनात्मक कार्रवाई और आपराधिक कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है, भले ही वह किसी भी जाति का हो। ऐसी टिप्पणियाँ सिविल सेवा आचरण नियमों और भारतीय कानूनों का उल्लंघन हैं।

## समाचार संक्षेप

### एनएसयूआई ने व्यवस्था सुधार को लेकर सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन

**गुना।** छात्र संगठन एनएसयूआई द्वारा आज पीजी कॉलेज में महाविद्यालय की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें मुख्य रूप से बीए, बीएससी एवं बीकाम की जो कक्षाएं नहीं लग रही हैं, उनका नियमित संचालन करनेकी माग की गई। वहीं महाविद्यालय में निर्धारित समय के बाद आने एवं समय से पूर्व जाने वाले प्रोफेसरों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दुरुस्त कार्रवाई करने की मांग की गई। इसके अलावा महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के ऊपर छांव करने एवं आसपास सफाई व्यवस्था करने तथा शौचालयों की सफाई तथा सीसीई परीक्षा छूटे छात्रों की फिर से सीसीई परीक्षा कराने की मांग की गई। इस मौके पर संगठन के शिवम रघुवंशी सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

### उत्कृष्ट विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया संविधान दिवस



**गुना।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृमांक-1 गुना में 76 वे संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मौके पर चित्रकला,निबंध,भाषण एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर विधालय के प्राचार्य तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी सर्वेश चतुर्वेदी एवं अजहर आलम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में असेंबली प्रार्थना के समय संविधान की उद्देशिका का सभी शिक्षक शिक्षिकाओं प्राचार्य एवं विद्यार्थियों ने सस्वर वाचन किया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी के शिक्षक डॉ गोविंद मीणा ने किया।इस मौके पर जीएस राणा ने संविधान में मौलिक कर्तव्यों का महत्व बताया। कार्यक्रम संयोजक वृंदावन लाल ने संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संतोष साहू ने संविधान निर्माण प्रक्रिया को समझाया। कार्यक्रम में हर्ष भूषण गुप्ता, मनीष पांचाल तथा कमलेश जाट ने भी संविधान पर प्रकाश डाला एवं अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने पूरे मनोयोग से कार्यक्रम में सहभागिता की।

### आरोन शहर के पोलिंग बूथ पर एसआईआर मतदाता सूची पुर्ननिरीक्षण कार्य जारी



**आरोन।** शहर के 20 पोलिंग बूथ का भारतीय जनता पार्टी मंडल संयोजक डॉ राजीव सिंह कुशवाह एवं देवेंद्र शर्मा द्वारा नगरीय क्षेत्र के 20पोलिंग बूथ पर जाकर एसआईआर मतदाता सूची पुनर्निक्षण कार्य में प्रगति एवं वस्तु स्थिति का निरीक्षण किया भूत अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं से जानकारी आदान-प्रदान की बीएलओ की जानकारी के अनुसार 65 से 70% कर ऑनलाइन हो चुका है एवं घर घर जाकर मतदाताओं के फॉर्म भरने का कार्य जारी है। इस अवसर पर तमाम लोग उपस्थित रहे।

### गुना जिले को राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त होने पर सम्मान समारोह आयोजन

**गुना ।** जल संचय जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य के लिए गुना जिले को राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त होने पर 26 नवंबर 2025 को जनपद पंचायत गुना के ग्राम हरिपुर स्थित "जिज्जी's पंचायत रेस्टोमार्ट" में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह पुरस्कार दिनांक 18 नवंबर 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में जल शक्ति विभाग द्वारा प्रदान किया गया था।

## जिले में उर्वरक का संकट गहराने के कारण किसान हुए परेशान

# एक-एक बोरी खाद के लिए रतजगा कर रहे अन्नदाता, सर्दी भी बेहिसाब

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में खाद संकट लगातार गहराता जा रहा है। स्थिति यह है कि भीषण होती सर्दी के बीच अन्नदाता एक-एक बोरी खाद के लिए संघर्ष कर रहे है। कई केन्द्रों पर तो किसान रतजगा करने को भी मजबूर हैं। मंगलवार रात को हालात सबसे ज्यादा खराब दिखे। किसान डबल लॉक गोदाम के मैदान में ही लाइनों में फर्श बिछाकर जमीन पर सोते नजर आए। बड़ी संख्या में महिलाएं भी खुले में ही सोने को मजबूर रहीं। किसानों का कहना है कि अगर अभी से जगह नहीं रोकेंगे, तो सुबह लाइन में नहीं लग पाएंगे और खाद नहीं मिल पाएगी।

इधर, उप संचालक कृषि संजीव शर्मा का दावा है कि जिले में खाद पर्याप्त मात्रा में है। उन्होंने वीडियो संदेश में कहा कि अभी आप यूरिया के लिए किसी प्रकार की चिंता न करें। हमारे पास यूरिया बराबर 25 से 30 ट्रक NFL से प्राप्त हो रहे हैं। अभी एक रैक और लगने वाली है। अभी हमने डबल लॉक केंद्रों के साथ-साथ समितियों में भी खाद भेजा है। हालांकि प्रशासन का यह दावा धरातल पर खरा साबित होगा, इसकी उम्मीद फिलहाल कम ही है। क्योंकि खाद संकट की स्थिति गुना में नई नहीं है। हर साल फसलों के समय में यह स्थिति बनती है और स्थाई समाधान खोजने की वजाय प्रशासनिक अधिकारी जल्द ही व्यवस्था ठीक करने की बात करते हैं। अन्नदाता ने भी इसे अपना नसीब मान लिया है।





### चार दिन से आ रहे फिर भी नहीं मिल रही खाद

सिमरोद गांव से आए किसान ने बताया कि रात में आएंगे, तभी सुबह खाद मिल पाएगा। अगर सुबह आएंगे तो लाइन लंबी हो जाएगी। वे दो दिन से लगातार आ रहे हैं, तब भी खाद नहीं मिल पा रहा। उन्हें 30 कट्टों की जरूरत है। वहीं, अंबाराम चक्क से आई एक महिला ने बताया कि वह पिछले चार दिनों से आ रही हैं। रात में तीन बजे उठकर आ रहे थे, पर फिर भी खाद नहीं मिल पाया। इसलिए आज रात को यहीं रुक गए हैं।

### रात में खाद वितरण केंद्र पर ही सोए कई लोग

मंगलवार रात को हालात सबसे ज्यादा खराब दिखे। किसान डबल लॉक गोदाम के मैदान में ही लाइनों में फर्श बिछाकर जमीन पर सोते नजर आए। बड़ी संख्या में महिलाएं भी खुले में ही सोने को मजबूर रहीं। किसानों का कहना है कि अगर अभी से जगह नहीं रोकेंगे, तो सुबह लाइन में नहीं लग पाएंगे और खाद नहीं मिल पाएगी। वह केन्द्र पर ही सो गए।

### एक दिन में 20 से 25 लोगों को मिल खाद

प्रशासन के भरपूर खाद के दावे पर एक महिला किसान ने कहा, ्खाद होता तो यहां तीन-चार दिन से पड़े रहना नहीं पड़ता। यहां लाइन में लग रहे हैं, तो भी उद्यम हो रहा है। गांव-गांव में खाद मिलता, तो जनता यहां क्यों पड़ी होती। 20-25 लोगों को खाद मिल पाता है और फिर बंद हो जाता है। जनता की कौन सुनवाई कर रहा है। कोई सुनवाई नहीं कर रहा।

# ट्रेन की चपेट में आया युवक उपचार के दौरान हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

महावीरपुरा रेलवे ओवरब्रिज के नीचे रेलवे ट्रैक पर घायल अवस्था में मिले युवक की मौत हो गई। बीती रात पुलिस को गंभीर घायल अवस्था में युवक रेलवे ट्रैक के पास मिला था। पुलिस घायल को जिला अस्पताल लेकर पहुंची थी, जहां से उसे बाहर रेफर किया गया था। लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। आज सुबह परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम किया गया। मिली जानकारी के अनुसार मूलरूप से कुशमौदा निवासी संजय पुत्र रमेशजोगी (24) वर्तमान में अपने जीजाजी के पास बीनागंज में रहकर एक साड़ी की दुकान पर काम करता था। परिजनों के मुताबिक मंगलवार को वह मोबाइल की किस्त जमा करने बीनागंज से गुना आया था। इस दौरान वह रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आ गया। परिजनों ने बताया कि संजय घायल अवस्था में पुलिस को मिला था, पुलिस की सूचना पर ही हम अस्पताल आए थे। प्राथमिक उपचार के बाद उसे भोपाल रेफर किया गया था, लेकिन बीनागंज के नजदीक उसकी मौत हो गई। आज सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया गया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### निःशुल्क यूरोलॉजी शिविर का हुआ आयोजन

**गुना।** सेवाभारती, गुना द्वारा रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से संविधान दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 26 नवंबर (बुधवार) को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक स्थानीय रेड क्रॉस भवन में एक निःशुल्क यूरोलॉजी शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।शिविर में कुल 90 मरीजों का पंजीयन कर अनुभवी यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रतीक्षित सिंह रघुवंशी एवं उनकी टीम द्वारा जाँच की गई तथा रोगियों को निःशुल्क परामर्श एवं आवश्यक चिकित्सीय सलाह प्रदान की गई।शिविर प्रभारी डॉ. एम. एल. मंगल ने संविधान दिवस के अवसर पर नागरिकों के अधिकारों एवं नैतिक कर्तव्यों की जानकारी देते हुए जागरूकता बढ़ाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रामवीर सिंह रघुवंशी (अध्यक्ष, सेवाभारती) ने की तथा पेंशनर्स संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पूजा-अर्चना के बाद शिविर का शुभारंभ किया गया। शुरुआत में सभी रोगियों का रजिस्ट्रेशन कर बीपी एवं अन्य मूलभूत स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। इस दौरान उन्हें चिकित्सकीय सलाह भी दी गई।

# सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 28 से प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन आगामी 28 नवम्बर 2025 से शुरू होने जा रहा है। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अनुसार महोत्सव के विभिन्न चरण गुना, बमौरी और आरोन विकासखंडों में निर्धारित तिथियों पर आयोजित किए जाएंगे।मुख्य कार्यक्रम गुना विकासखंड में 28 नवम्बर 2025 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी खेल प्रांगण में आयोजित होगा, जिसका शुभारंभ सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 29 नवम्बर को बमोरी में शासकीय उ.मा.वि. फतेहगढ़ मैदान तथा आरोन में शासकीय संदीपनी विद्यालय बड़खेड़ाहाट में प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी। सभी स्थानों पर कार्यक्रम प्रातः 09:00 बजे से प्रारंभ होंगे। महोत्सव में बालक एवं बालिका वर्ग के लिए कबड्डी, वॉलीबॉल, रस्साकसी, लगोरी, 7-ए-साइड फुटबॉल, बास्केटबॉल, तथा एथलेटिक्स की 100 मीटर, 400 मीटर, लॉन्ग जंप और शॉटपुट स्पर्धाएँ होंगी। वहीं पैरागेम्स के तहत 50 मीटर, 100 मीटर, शॉटपुट एवं ट्राइसायकल रेस शामिल की गई हैं। जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों तथा महाविद्यालयों के विद्यार्थियों से अपील की गई है कि वे खेल महोत्सव में अधिक से अधिक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें। विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताओं में चयनित खिलाड़ी जिला स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में हिस्सा लेंगे।

# अपहरण एवं फिरौती का मुख्य आरोपी पुलिस गिरफ्त में



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के कुशल निर्देशन में जिले में विभिन्न अपराधों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु गुना पुलिस की सतत और प्रभावी कार्यवाहीं जारी हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं सीएसपी गुना प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण में केंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम द्वारा महत्वपूर्ण कार्यवाही करते हुए अपहरण एवं फिरौती के प्रकरण में फरार मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल पहुंचा दिया है । गौरतलब है कि दिनांक 26 मई 2023 को आरोपीगण पवन रजक, मनीष प्रजापति निवासीगण श्रीराम कॉलोनी गुना एवं एक अन्य अज्ञात के द्वारा विशाल पुत्र कोमल सिंह सिलावट उम्र 21 साल निवासी आरोन को किसी बहाने से मारूति शोरूम गुना के पास बुलाया गया और जहां से तीनों के द्वारा उसे बलपूर्वक कार में बिठाकर गोपीसागर डेम के पास सुनसान स्थान पर ले जाया गया था । वहां आरोपी पवन रजक और उसके साथियों ने पीड़ित को शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताडित किया और छोड़ने के बदले में 10 हजार रुपये की फिरौती मांग की । पीड़ित ने मजबूरी में अपनी मां के फोन-पे से 10 हजार रूपये की राशि उन्हें ऑनलाइन ट्रांसफर की कराई गई थी। इसके बाद किसी तरह से पीड़ित उनके चंगुल से छूट कर निकल आया और अपने परिजन के साथ अस्पताल पहुंचा, जहां पर पीडित युवक द्वारा अपने साथ घटित घटना की रिपोर्ट पुलिस को की गई थी, जिस पर से केंट थाने में आरोपीगण के विरूद्ध अप.क्र. 431/23 धारा 347, 364क, 323, 294, 34 भादवि एवं एससीएसटी एक्ट की धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई । प्रकरण की विवेचना सीएसपी गुना द्वारा की जा रही है । जिसके परिणाम स्वरूप विगत दिवस प्रकरण में फरार एक आरोपी के संबंध में जानकारी मिलने पर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही कर प्रकरण में फरार मुख्य आरोपी पवन पुत्र रमेश उर्फ सुरेश रजक (27) साल निवासी श्रीराम कॉलोनी, को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया।

### दो साल से फरार चल रहा था पवन रजक

## जिला आयुष अधिकारी ने अमानक औषधियों के विक्रय को पूर्ण रूप से रोकने किया निर्देशित

# आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर, फार्मेसी एजेंसियों व औषधि विक्रेताओं की जांच की

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

औषधि नियंत्रक एवं संचालनालय आयुष भोपाल से जारी निर्देश द्वारा डाबर इन्डिया लि.22 साइट iv साहिबाबाद (उ.प्र.)-201010 की औषधि कफकुठार रस बैच नम्बर SB00066 निर्माण तिथि 04/2025 अवसान तिथि 03/2030 एवं लक्ष्मी विलास रस(नारदीय) बैच नम्बर SB00665 निर्माण तिथि 02/2023 अवसान तिथि 01/2028 तथा श्री धनवतरी हर्बल्ला विलेज किशनपुरा पीओ गुरूमाजरा 174101 तहसील बदी जिला सोलन (एच.पी.) की औषधि प्रवाल पिष्टी बैच नम्बर PPMB-077 निर्माण तिथि 06/2024 अवसान तिथि 05/2034 एवं मुक्ता शुक्ति बैच नम्बर MSBD059 निर्माण तिथि 07/2025 अवसान तिथि 06/2035 एवं शर्मायु जैन्यून आयुर्वेद श्री शर्मा आयुर्वेद मंदिर सिविल लाईन्सः दतिया-475661 (म.प्र.) की औषधि गिलोय सत्व बैच नम्बर 005P-1 निर्माण तिथि 03/2025 अवसान तिथि 02/2030 एवं कामदुधा रस बैच



नम्बर 25117002P-1 निर्माण तिथि 06/2025 अवसान तिथि 05/2030 इन औषधियों के सेंम्पल शासकीय औषधी परीक्षण प्रयोगशाला ग्वालियर द्वारा किये परीक्षण परिणाम Drugs and Cosmetics ACT.1940 Rules 1945 की धारा 33EE के तहत अमानक पाये जाने से सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में तत्काल प्रभाव से क्रय/विक्रय पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाया गया है।

इसके संबंध में जिला आयुष अधिकारी सह पदेन ड्रग इंस्पेक्टर (आयुष) डॉ. कुलदीप सिंह गनावे द्वारा शहर के आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर, फार्मेसी ऐजेंसियों एवं औषधी विक्रेताओं का निरीक्षण कर अमानक औषधियों के विक्रय को पूर्ण रूप से रोकने के निर्देश दिये हैं। इसके पश्चात यदि कोई औषधि विक्रेता इन दवाओं का विक्रय करता पाया जाता है, तो उसके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। लक्ष्मी विलास रस(नारदीय) एवं कफकुठार रस औषधियों का उपयोग सामान्य सर्दी जुकाम, खांसी, बुखार आदि में एवं प्रवाल पिष्टी एवं मुक्ता शुक्ति का उपयोग एसिडिटि, उदर रोग, श्वांस रोग आदि में किया जाता है। इस हेतु जन सामान्य से अपील की गयी है, कि उक्त औषधियों का उपयोग न करें एवं आयुर्वेद चिकित्सक उक्त औषधियों के उपयोग की सलाह न दें।

## समाचार संक्षेप

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामनेर के विद्यार्थियों ने किया भ्रमण




**राघौगढ़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामनेर में संचालित बीएफएसआई एवं आईटी/आईटीईएस ट्रेड के विद्यार्थियों ने प्राचार्य जीके माली के मार्गदर्शन में जेपी कॉलेज का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने कॉलेज के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया और अपने भविष्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। वहीं कॉलेज प्रबंधन की ओर से विद्यार्थियों का स्वागत किया और कॉलेज परिसर का विस्तृत भ्रमण कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न करियर अवसरों, उद्योगों की आवश्यकताओं एवं आधुनिक तकनीकों की जानकारी प्रदान की। भ्रमण के दौरान विद्यालय के व्यावसायिक प्रशिक्षक सौरभ वास्त्री, सौरभ राजपूत, एवं वरिष्ठ शिक्षक बृजेश किरार तथा श्रीमती निसारा बानो ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया एवं भ्रमण में सहयोग दिया। विद्यार्थियों ने कहा कि यह भ्रमण उनके लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक रहा और इससे उन्हें अपने करियर एवं भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। विद्यालय परिवार ने कॉलेज प्रबंधन का सहयोग एवं समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

### पालक शिक्षक संवाद में शिक्षा के क्षेत्र में पर जोर



**राघौगढ़।** शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राघौगढ़ में पालक शिक्षक संवाद का आयोजन किया गया, जिसमें अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम पर शिक्षकों की चर्चा पालकों से हुई एवं वार्षिक परीक्षा परिणाम को और बेहतर बनाने के आवश्यक निर्देश व समय सारणी छात्रों व पालकों के साथ साझा की गई। विद्यालय में अर्द्धवार्षिक परीक्षा में कक्षा 9 में आयुषी धाकड़ कक्षा 10 में सौरभ चन्देल कक्षा 11 में शैलेन्द्र धाकड़ कक्षा 12 हल्की यादव प्रथम स्थान पर रहे हैं। गौरतलब है कि शैलेन्द्र धाकड़ विगत वर्ष कक्षा 10 वार्षिक परीक्षा में प्रदेश स्तर पर 8वें स्थान पर मैरिट में व जिले में शीर्ष स्थान में जगह प्राप्त की गई है ।

### बूथ स्तर पर मजबूत हो भाजपाः निशांत खरे

**चाचौड़ा।** चांचौड़ा विधानसभा में आयोजित मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के संदर्भ में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं ग्वालियर संभाग प्रभारी डॉ. निशांत खरे, भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार तथा चांचौड़ा विधायक प्रियंका पेंची ने उपस्थित कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रगति, बूथ स्तर पर संगठन की सक्रियता और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में जुड़ना तथा त्रुटियों का समय पर सुधार प्राथमिकता होनी चाहिए।


बीजेपी संभाग प्रभारी बोले- बूथ स्तर पर जाकर जनता को जागरूक करें कार्यकर्ता

# मतदाता सूची का शुद्धिकरण अभियान है एसआईआरः निशांत खरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कार्यकर्ताओं की सक्रियता और समर्पण से सफल होगा एसआईआर अभियान। यह बात भारतीय जनता पार्टी के संभागीय प्रभारी डॉ निशांत खरे ने गुना जिले प्रवास के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी केवल नाम जोड़ने की नहीं, बल्कि पूरी प्रक्रिया को पारदर्शिता और निष्ठा के साथ संपन्न कराने की है।


उन्होंने कहा कि एसआईआर अभियान में लापरवाही लोकतंत्र को कमजोर कर सकती है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी और समर्पण के साथ अभियान को सफल बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर घर-घर संपर्क कर फॉर्म भरवाने में सहयोग, दस्तावेज़ों की जानकारी तथा शंकाओं का समाधान करना कार्यकर्ता का महत्वपूर्ण दायित्व है। कार्यकर्ताओं की सक्रियता और समर्पण से यह अभियान पूरी तरह सफल होगा।



### 'बूथ समितियों को सक्रिय होना होगा'

*भारतीय जनता पार्टी के संभागीय प्रभारी डॉ निशांत खरे ने पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर जाकर जनता को जागरूक करने और उन्हें सही जानकारी उपलब्ध कराने की अपील करते हुए कहा कि यह अभियान 4 दिसंबर तक चलेगा और इस अवधि में जिले के सभी मंडल और बूथ समितियों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं के नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़ें। इसके साथ ही विवाह के बाद परिवार में शामिल हुए नए सदस्यों के नामों को जोड़ना भी आवश्यक है, जिससे कोई भी पात्र मतदाता अपने अधिकार से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी मतदाता का नाम सूची में दो स्थानों पर दर्ज है या वह बाहरी क्षेत्र का है, तो इस पर आपत्ति दर्ज कराकर सूची को शुद्ध किया जाए।*

### कार्य देखने संभाग प्रभारी पहुंचे बूथ पर



मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि एसआईआर का कार्य का अवलोकन करने संभागीय प्रभारी डॉ निशांत खरे गुना नगर मंडल के वार्ड क्रमांक 10 के बूथ क्रमांक 73 पर पहुंचे और बूथ समिति से मिलकर कार्य की प्रगति देखी। इस दौरान जिला महामंत्री रविन्द्र सिंह रघुवंशी टिल्लू,पार्षद विनोद लोधा, मंडल अध्यक्ष अर्जुन राजपूत, मंडल अध्यक्ष परेश भार्गव, महामंत्री चंद्र प्रकाश अहिरवार, बीएलएओ दुर्गेश शाक्य, मोहित नामदेव ,मुकेश ओझा, हरीश उरैया आदि उपस्थित रहे।

### ■ वंचित न रहने पाए कोई वोटर

जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर जाकर जनता को जागरूक करने और उन्हें सही जानकारी उपलब्ध कराने की अपील करते हुए कहा कि यह अभियान 4 दिसंबर तक चलेगा और इस अवधि में जिले के सभी मंडल और बूथ समितियों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं के नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़ें। इसके साथ ही विवाह के बाद परिवार में शामिल हुए नए सदस्यों के नामों को जोड़ना भी आवश्यक है, जिससे कोई भी पात्र मतदाता अपने अधिकार से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी मतदाता का नाम सूची में दो स्थानों पर दर्ज है या वह बाहरी क्षेत्र का है, तो इस पर आपत्ति दर्ज कराकर सूची को शुद्ध किया जाए।

## गुना से बागेश्वर धाम कथा में शामिल होने दो युवकों की पैदल यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

आस्था और भक्ति का अद्भुत उदाहरण पेश करते हुए गुना जिले के दो युवकों ने बागेश्वर धाम कथा में शामिल होने के लिए पैदल यात्रा शुरू की है। इन दोनों युवकों में बजरंगदल कार्यकर्ता राज कलावत, सोनू कुशवाह गुलाबगंज रेलवे फाटक के पास गुना शामिल हैं। दोनों युवक भगवान शिव और बागेश्वर धाम सरकार के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए गुना से शिवपुरी के लिए पैदल निकले युवकों ने बताया कि वे कई दिनों से इस यात्रा की तैयारी कर रहे थे और उनका उद्देश्य है कि वे पैदल यात्रा के माध्यम से न केवल भक्ति का संदेश दें, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा फैलाएं। यात्रा के दौरान स्थानीय लोगों ने जगह-जगह उनका स्वागत कर उनका मनोबल बढ़ाया। बागेश्वर धाम कथा में शामिल होने के लिए युवकों की यह पैदल यात्रा क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। लोग उनकी आस्था और संकल्प की सराहना कर रहे हैं। साथ ही उनकी यात्रा के सफल होने की कामना भी कर रहे हैं।

### भोपाल में सम्मानित हुए अधिकारी

**गुना।** भोपाल में आयोजित कौशलम समारोह में युवा संगम कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियो को मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। युवा संगम कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कार्य करने वाले विभिन्न जिलों के अधिकारीगण उप संचालक इंदौर पी एस मंडलोई, एवं जिला रोजगार अधिकारियो में गुना के बीएस मीना, खरगौन की श्रीमती प्रीतिवाला सस्ते, श्योपुर के प्रभारी रोजगार अधिकारी व आई टी आई प्राचार्य आशीष जैन एवं दमोह के अधिकारी को मान मंत्री कौशल विकास एवं रोजगार विभाग श्री गौतम टेंटवाल जी एवं रोजगार आयुक्त महो श्री गिरीश शर्मा द्वारा ग्लोबल स्किल पार्क भोपाल में कौशलम समारोह में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित किया गया साथ ही कौशल विकास विभाग के अन्य अधिकारियों को भी विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किए गए।

### संविधान उद्देशिका का सामूहिक वाचन

**गुना।** बुधवार को संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय साभाकक्ष में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन कराया एवं संवैधानिक मूल्यों के प्रति संकल्प और प्रतिबद्धता दोहराते हुए सभी को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष अरविंद धाकड़, पूर्व विधायक गोपीलाल जाटव एवं सांसद प्रतिनिधि हरीसिंह यादव आदि मौजूद रहे।

## युवा संगम में 54 युवाओं को प्रदान किए ऑफर लेटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग एवं विकास एवं रोजगार विभाग व ग्रामीण विकास विभाग द्वारा युवा संगम के तहत एक ही छत के नीचे युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हर माह निर्धारित को जिला स्तरीय रोजगार/स्वरोजगार के लिए युवा संगम कार्यक्रम आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में गुना जिले में प्रत्येक चौथ बुधवार को युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविन्द गुप्ता, नपा उपाध्यक्ष धर्म सोनी, वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश मालवीय, एवं भाजपा पार्षद दिनेश कोरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा 54 युवाओं को ऑफर लेटर दिए गए। महाप्रबंधक जिला व्यापार उद्योग केंद्र उद्योग सतेंद्र लोधा ने बताया कि कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की 9 कम्पनियों द्वारा भाग लिया गया। इस दौरान कुल 54 युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किये गए। कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराया गया। विभिन्न स्वरोजगार योजनाओ के 410 हितग्राहियो को रूपये 2 करोड़ 50 लाख का हितलाभ वितरण कराया गया आयोजित कार्यक्रम में शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओ के 410 हितग्राहियो को 2 करोड़ 50 लाख रुपए का हितलाभ वितरण किया गया,जिसमें मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, पी एम एफ एम ई योजना,प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, मुख्य मंत्री पिछड़ा वर्ग स्वरोजगार योजना आदि योजनाओं के तहत हितग्राहियो को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर हितग्राहियों के साथ विभिन्न कंपनियों के अधिकारी-कर्मचारी एवं आमजन की उपस्थिति रही।

## शिविर में 215 मरीजों की जांच 125 ऑपरेशन के लिए चिन्हित




**अशोकनगर।** करुणानिधि सेवा समिति द्वारा मंगलवार को रोटरी भवन में श्री सदगुरु सेवा ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में काफी संख्या में मरीजो ने उपस्थित होकर अपनी जांच करवाई एवं उनमें से कई मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। इस नेत्र शिविर में रोटरी क्लब अशोकनगर का विशेष सहयोग रहा। शिविर में सदगुरु सेवा ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय के चिकित्सकों ने 215 मरीजो की जांच की एवं 125 मरीजों का ऑपरेशन हेतु चयन किया।



### गोद भराई का कार्यक्रम आयोजित किया

**अशोकनगर।** शहर में होने जा रहे पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर जिन्हे भगवान के माता पिता बनने का गौरव मिला है ऐसे श्रेष्ठी राकेश जैन और अनीता जैन की गौद भराई कार्यक्रम का आयोजन जैन भवन अशोकनगर में किया गया। इस दौरान गोद भराई की रश्म की गई, इस मौके पर अध्यक्ष रानी जैन, मंत्री डिंपल जैन, पूर्व अध्यक्ष निर्मला जैन, कोषाध्यक्ष अर्चना पाण्डया, उपाध्यक्ष संगीता पारस, उपमंत्री डिंपल आदि रहे मौजूद।

## बाल श्रम टीम ने कई संस्थानों पर निरीक्षण कर की कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिला बाल श्रम टास्क फोर्स की टीम द्वारा बुधवार को शहर में कईं संस्थानों पर जाकर बाल श्रम की जानकारी ली गई। जहां भी बाल श्रमिक होना पाए गए। वहां कार्यवाही की गई। इस दौरान 05 कुमार श्रमिक (14 वर्ष से 18 वर्ष के बीच) एवं 01 बाल श्रमिक कार्यरत पाये गये। टीम ने नियोजक के विरूद्ध बाल एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया एवं बच्चों को बालश्रम से विमुक्त किया। विमुक्त कराये गये बालकों से होटल में सर्विस करने, प्लेट साफ करने आदि कार्य कराये जाना पाया गया। इसके साथ ही फैब्रिकेशन के नियोजन में कार्यरत बाल श्रमिक से उक्त अधिनियम की धारा 3 अनुसूची क में प्रतिबंधित नियोजन-धातुओं की घिसाई जो कि खतरनाक इलेक्ट्रानिक मशीन से की जा रही थी। जिला बालश्रम टास्क फोर्स की टीम में श्रम विभाग से जिला सहा. श्रम अधिकारी सुरभि रघुवंशी, महिला एवं बाल विकास से संरक्षण अधिकारी आशीष शर्मा, शिवकुमार नरवरिया, विशेष किशोर पुलिस ईकाई से मनोज कुमार रजक एवं जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन, विदिशा सोसल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन से विपिन रघुवंशी, रघुकुल सेवा समिति से मनीष रघुवंशी आदि रहे मौजूद।

## अहिरवार समाज संघ ने संविधान दिवस पर कार्यक्रम किया आयोजित

**शाढ़ौरा।** संविधान दिवस के अवसर पर अहिरवार समाज संघ के बैनर तले जिले की सभी तहसीलों एवं ग्रामों में संविधान दिवस बड़े उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में समाजसेवियों, युवाओं तथा ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।

कार्यक्रमों में वक्ताओं ने डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा प्रदत्त भारतीय संविधान की रक्षा,सर्व समाज का सम्मान, समाज में भाईचारा बढ़ाने, भेदभाव एवं कुरीतियों को समाप्त करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। अहिरवार समाज संघ के जिला अध्यक्ष रवि मोहने के नेतृत्व में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मोहर सिंह चैधरी, हन्नाम सिंह, चिमन सिंह कुड़ई, कन्हैयाराम, गजराज सिंह, करण सिंह, सहित ग्राम अमोदा के सैकड़ों समाजसेवी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष रवि मोहने ने युवाओं को नशा



मुक्ति के लिए प्रेरित किया तथा समाज में जागरूकता और सद्भाव बढ़ाने पर बल दिया। उनकी प्रेरणा से सोनू, अजय, श्याम, दीपक, संजय, विवेक तथा अन्य युवाओं ने जीवन भर नशा न करने की शपथ ली। संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन, जागरूकता और एकता का संदेश देता है।

### जिले के 1384 कृषकों के खाते में 2 करोड. 88 लाख की राशि भेजी गई




**अशोकनगर।** भावांतर योजना के अंतर्गत प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम इन्दौर में आयोजित किया गया। इस योजना के द्वितीय चरण में अशोकनगर जिले के 1384 कृषकों को 02 करोड़ 88 लाख 64 हजार 213 रूपये की राशि का अंतरण किया गया। जिला स्तर पर कार्यक्रम नवीन कृषि उपज मंडी अशोकनगर में किया गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल्ल, हरिओम नायक, किसान संघ के पदाधिकारी जगराम सिंह यादव जैविक प्रमुख, रामकिशन सिंह रघुवंशी संभागीय उपाध्यक्ष भारतीय किसान संघ, वीरेन्द्र सिंह रघुवंशी जिला अध्यक्ष भारतीय किसान संघ, सतेन्द्र कलावत, उप संचालक कृषि अमित भदौरिया एवं कृषकगण उपस्थित रहे।

## सुदामा चरित्र के साथ 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



शहर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के समापन दिवस में कथा वाचक पूज्य महाराज ने सुदामा चरित्र का अत्यंत मार्मिक और भावविभोर वर्णन किया। कथा सुनते हुए उपस्थित श्रद्धालु कई बार भावुक हो गए साथ ही पंडाल भक्ति-रस से सराबोर कथा में कलयुग के प्रभाव भी बतलाए।

शहर के कबीरा रोड पर 20 नवंबर से चल रही श्री मद भागवत कथा का बुधवार को समापन हुआ जहां कथा वाचक पंडित जय कुमार अवस्थी के द्वारा सुदामा के निर्धन जीवन, माता सनतना की तपस्या-सदृश त्याग भावना और रोटी की जगह लाए हुए चावल की पोटली को भगवान कृष्ण से छुपाने की कथा के दौरान कृष्ण -सुदामा मिलन का प्रसंग आते ही लोग भावुक हो गए और जीवन में सच्ची मित्रता पर प्रकाश डाला। कथा वाचक ने बताया कि द्वारका में प्रवेश करने से लेकर भगवान के चरणों में गिरकर रोने तक, सुदामा का हर कदम निर्मल प्रेम का प्रतीक बताया। इस बीच कथा में भजनों के माध्यम से कथा का रस पान किया व भगवान के भजनों पर नृत्य किए इस दौरान कथा के मुख्य जजमान बाबूलाल पाल एवं शद्धालुओं द्वारा कथा के अंतिम दिवस पूर्ण आहुति यज्ञ भगवान को दी और भंडारे के साथ कथा का समापन हुआ।

## मप्र राज्य जैव विविधता क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन वनमण्डल द्वारा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभा अहिरवार वनमण्डल अधिकारी अशोकनगर रहीं। उक्त कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी सी.एस. सिसोदिया एवं सहायक संचालक एन.एस. जैन प्राचार्य उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय सीमा जैन एवं कार्यक्रम के प्रभारी उप वन मंडल अधिकारी शीतल प्रसाद शाक्य, वन परिक्षेत्र अधिकारी अशोक नगर आकाश साहू, वन परिक्षेत्र अधिकारी चंदेरी रीतिका यादव एवं अन्य वन विभाग का अमला उपस्थित रहा।

क्विज प्रतियोगिता कार्यक्रम मे जिले से 52 टीम के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान पर मुस्कान पब्लिक स्कूल अशोकनगर की टीम रही, जिन्हे 1500 नकद पुरुस्कार गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। द्वितीय स्थान पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमेन की टीम रही जिन्हे 900 रूपये का नकद पुरस्कार सिल्वर मेडल एवं प्रशस्ति पत्र एवं तृतीय स्थान शिवपुरी पब्लिक स्कूल अशोक नगर की टीम रही जिन्हे 600 रूपये नकद पुरस्कार ब्रांज मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया गया। साथ ही समस्त टीमों के छात्र-छात्राओं को सहभागिता प्रमाण पत्र मुख्य अतिथि के द्वारा प्रदाय किये गए।



### पुलिस ने 3 साल के मासूम को तलाशकर माता-पिता को सौंपा

**अशोकनगर।** बुधवार को प्रातः 09 बजे बडे ओबरब्रिज पर यातायात थाना प्रभारी स्नेहा ठाकुर को एक तीन साल का बच्चा जो अपना नाम पता नहीं बता पा रहा था। लाबारिस हालत में मिला जिसे किसी अनहोनी न हो इस आशंका के साथ थाना कोतवाली पर परिजनों की तलाश हेतु सुरक्षार्थ पहुंचाया गया। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रविप्रताप सिंह चैहान द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित बालक के परिजनों की तलाश हेतु बल को रवाना किया गया। 02 घंटे की मेहनत के बाद उक्त बालक ऊर्जा कालोनी अशोकनगर का होना पाया गया। बालक के परिजनों को बालक के गुम होने की सूचना तथा ओबरब्रिज पर लाबारिस हालत में मिलने की सूचना दी गई। जिसके बाद परिजन कोतवाली पहुंचे, जहां बच्चे को उनके सुपुर्द किया गया।

## सर्विधान दिवस पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा महाविद्यालय में वुधवार को संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर समारोह के एक भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन डॉ. अंजना गुप्ता द्वारा किया गया। महान भारतीय संविधान की विचारधारा को बनाये रखने के प्रति हमारी प्रतिवद्धता और गौरव को संजोने के लिये संविधान विषय पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश द्वारा अपने उद्बोधन के माध्यम से छात्र/छात्राओं को बताया कि आज हम सव भारतीय संविधान को अपनाये जाने की 76वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। पिछले सात दशकों में इसमें राजनीतिक, समाजिक और आर्थिक परिवर्तनों के माध्यम से राष्ट्र का मार्गदर्शन किया है तथा न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व सुनिश्चित किया है जो भारत के शासन के मूल सिद्धान्त हैं।

उपरोक्त विषय पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा संविधान के महत्व तथा संविधान दिवस को एक उत्सव के रूप में मनाने पर जोर दिया तथा संविधान निर्माण संबंधी प्रदर्शनी को वीडियो के माध्यम से दिखाकर संविधान के विकास में योगदान देने वाले लोगों को याद किया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालयीन स्टाफ के साथ-साथ महाविद्यालय के लगभग 100 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया तथा इनमें से लगभग 75 छात्र/छात्राओं ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सहभागिता की।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरोदिया निवासी लखन सिंह कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जगदीश और बाबूलाल कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी और उसकी बाईक को तोड दिया। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुमट मोहल्ला चन्देरी निवासी साजिद मोहम्मद ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बफाती खान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### शासकीय कार्य में बांधा पहुंचाने पर मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत मुंगावली निवासी रामचरण यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बनवारी लाल यादव ने फरियादी द्वारा किए जा रहे एसआईआर के कार्य को लेकर शासकीय कार्य में बांधा पहुंचाई और जान से मारने की धमकी दी।

### अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिलाया संकल्प

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में भारतीय संविधान दिवस पर संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। साथ ही उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, संयुक्त कलेक्टर आरबी सिण्डोस्कर, बृजबिहारी लाल श्रीवास्तव अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राजपुर में संविधान दिवस मनाया गया



**अशोकनगर।** वुधवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजपुर पर संविधान दिवस मनाया गया। जिसमें बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर एवं बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सरपंच प्रतिनिधि सफीक खान एवं हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य दयाराम मौर्य,विवेक जैन, आयुष विभाग के स्टाफ में शिवहरे एवं विमला बारगोतीया रहे एवं संजय कुमार बिजौले के द्वारा मंच संचालन किया गया। मुनेश करैया के द्वारा बच्चों को मार्गदर्शन किया गया उन्हें संविधान के विषय में बताया गया। साथ में प्राचार्य एवं मुनेश करैया के द्वारा संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया। इसी के साथ अमर सिंह निगम जितेंद्र जाटव के द्वारा और राकेश बरुआ पत और सुशांत शर्मा के द्वारा एवं नीरज खटीक कर के द्वारा संविधान के उद्देश्य आदि के विषय में बच्चों को विस्तार पूर्वक समझाया गया। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ के साथ-साथ माध्यमिक विद्यालय के कमलेश साहू देवेंद्र बरोदिया एवं बालक प्राथमिक विद्यालय के स्टाफ कमलेश यादव प्राची जैन मुकेश केवट और कन्या प्राथमिक विद्यालय का प्रधान अध्यापक शिवानी साहू उपस्थित रहे।

## आयोजन में कुलपति ने कहा- संविधान में सभी को समान अधिकार

# 77वां राष्ट्रीय संविधान दिवस मनाया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय पर 77वां राष्ट्रीय संविधान दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रोफेसर डॉ. किशन यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि संविधान में सभी को समान अधिकार प्रदान किए गए हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी तथा संविधान निर्माता डॉ.भीमराब अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर आदित्य सिंह एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेणु राजेश भी शामिल थीं। इस अवसर पर कुलगुरू प्रोफेसर डॉ. किशन यादव ने संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संविधान में सबको जीने एवं सहयोग करने का अधिकार दिया गया है। हम सभी संविधान को समझे और इसका का पालन करें। उन्होंने संविधान में दिये गये अधिकारों एवं कर्तव्यों का पालन करने का सभी से आव्हान किया। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान शासन संचालित करने वाले नियम तथा सभ्य समाज की पहली पहचान है। हम सभी को भारत के संविधान के महत्व को समझना चाहिये। उन्होने छात्र छात्राओं के उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगे बढने की प्रेरणा दी।

### हमारा संविधान मजबूत राष्ट्र का संविधान है- न्यायाधीश

कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश उपदेश राठौर ने कहा कि हमारा संविधान मजबूत राष्ट्र का संविधान है। उन्होंने कहा कि संविधान में सभी को बरावर का हक दिया है। संविधान को हम सभी विस्तार से समझे तथा सभ्य समाज और देश के निर्माण में आगे आकर सहयोग करें। कार्यक्रम में अभिभाषक संघ के अध्यक्ष चन्द्रशेखर साहू ने कहा कि हमारे देश में ऊंच नीच, गरीब, अमीर एवं विभिन्न विविधताओं को साधना संविधान की वजह से हो पाया है। उन्होंने संविधान को जीवंत दस्तावेज बताते हुए कहा कि संविधान की वजह से हम सभी देशवासी एकजुट है और निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहे है।




कार्यक्रम में शासकीय विधि महाविद्यालय शिवपुरी के सहायक प्राध्यापक दिग्विजय सिंह सिकरवार ने मुख्य वक्ता के रूप में संविधान के संबंध मे विस्तार से जानकारी दी। संविधान में 22 चित्रों के माध्यम से समानता एवं प्रभुता को प्रमुख स्थान दिया गया है। हमारा संविधान विश्व का सबसे बडा संविधान है। इसके जनक डॉ.भीमराव अम्बेडकर ने लोकतंत्र की आत्मा को आत्मसात किया है।

### भारतीय संविधान की उद्देशिका का हुआ वाचन

कार्यक्रम में शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकनगर की प्रभारी प्राचार्य डॉ गरिमा राठौर द्वारा उद्देशिका का वाचन किया गया। इस दौरान उपस्थितजनों को भारतीय संविधान प्रस्तावना का संकल्प दिलाया गया।

महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय संविधान दिवस पर लगाई गई प्रदर्शिनी का अतिथियों अवलोकन किया गया। साथ ही प्रदर्शिनी की सराहना की गई।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति**

कार्यक्रम में शासकीय विधि महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान छात्राओं द्वारा सामूहिक नृत्य देश रंगीला रंगीला,देश मेरा रंगीला की प्रस्तुति छात्र छात्राओं द्वारा दहेज एक जुर्म शीर्षक का नाटक मंचन की प्रस्तुति दी गई। साथ ही प्रो. डॉ. स्वराज जैन द्वारा कविता का वाचन किया गया। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी दल द्वारा राष्ट्रभक्ति गीत की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में प्रदर्शिनी में उत्कृष्ट मॉडल बनाने वाले टॉप 5 छात्र छात्राओं अंशिका सोनी, पृथ्वीराज सिंधे, जाहिद खान, दिव्यांग सिंघल एवं दिवाकर सोनी को सम्मानित किया गया। साथ ही बेस्ट पोस्टर बनाने वाले तथा कॉलेज की विभिन्न गतिधियों में श्रेष्ठ एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं तथा रंगाली सजाने वाली छात्राओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता महेन्द्र जैन द्वारा तथा आभार प्रदर्शन प्रोफेसर डॉ. अनिल सिंह तोमर द्वारा किया गया।

### जागरूकता शिविर के आयोजन हुए

संविधान दिवस के अवसर पर विधि महाविद्यालय एवं तारा सदन विद्यालय, अशोकनगर में संविधान की प्रस्तावना का वाचन एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधि महाविद्यालय में प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंचन एवं तारा सदन विद्यालय में भारतीय संविधान में डॉ. भीमराव अंबेडकर की भूमिका विषय पर निबंध लेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### संविधान दिवस के अवसर पर न्यायालय में संविधान की प्रस्तावना का वाचन व शिविर का आयोजन

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में वुधवार को संविधान दिवस के अवसर पर न्यायालय परिसर, अशोकनगर में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन से हुई। इस मौके पर संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया तथा शपथ ली कि वह भारतीय संविधान की अक्षुण्णता को बनाये रखने हेतु सदैव प्रयासरत रहेंगे। कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा ने भारतीय संविधान के बनने से पूर्व की रूपरेखा, प्रक्रिया तथा संविधान सभा के सदस्यों द्वारा भारतीय संविधान के निर्माण में किये गये अथक परिश्रम को रेखांकित करते हुए भारतीय संविधान की विशेषताओं तथा मौलिक कर्तव्य एवं मूल अधिकारों के संबंध में जानकारी दी।

#### कार्यक्रम के दौरान न्यायिक प्रणाली के महत्व को भी रेखांकित किया गया

कार्यक्रम के दौरान न्यायिक प्रणाली के महत्व को भी रेखांकित किया गया और यह सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया कि हर नागरिक को न्याय तक समान पहुँच मिले। इस अवसर पर उन्होंने संविधान के निर्माण के समय की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, इसके उद्देश्य और संविधान द्वारा प्रदत्त नागरिक अधिकारों पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह हमारे देश की आत्मा और लोकतांत्रिक मूल्य की नींव है। संविधान ने भारत के नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार दिया है और इसके द्वारा हमारे समाज में धर्म, जाति, लिंग या भाषा के भेदभाव से ऊपर उठकर सभी को समान अवसर प्रदान किए गए हैं। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सभी अधिवक्तागण एवं न्यायिक कर्मचारियों और नागरिकों से संविधान के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझने और भारतीय लोकतंत्र की रक्षा के लिए कृतसंकल्पित रहने का आह्वान किया।

## 1 दिसंबर से सामूहिक अवकाश की चेतावनी

# पटवारी संघ ने आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली



मध्यप्रदेश पटवारी संघ इकाई मुंगावली द्वारा बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी मुंगावली के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार सोनम शर्मा को सौंपा गया। ज्ञापन में ग्राम टीला में हल्का पटवारी के साथ हुई घटना के आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की गई है।

पटवारी संघ ने बताया कि दिनांक 24 नवंबर को प्रातः 9 बजे ग्राम टीला में पटवारी ईश्वरचंद्र जाटव पर हमला किया गया था। घटना के संबंध में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद आज दिनांक तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है जिससे आरोपी का मनोबल बढ़ता जा रहा है। संघ ने चेतावनी दी कि गिरफ्तारी में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। पटवारी संघ ने तीन दिवस के भीतर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। संघ का कहना है कि यदि तीन दिन में आरोपी गिरफ्तार नहीं हुआ तो पटवारी संघ 1 दिसंबर से 3 दिसंबर 2025 तक सामूहिक अवकाश पर रहेगा। इसके बाद भी यदि गिरफ्तारी नहीं होती है तो 4 दिसंबर 2025 से अनिश्चित कालीन कलमबद्ध हड़ताल शुरू की जाएगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन की होगी। संघ ने यह भी बताया कि घायल पटवारी ईश्वरचंद्र को शासकीय अस्पताल में उचित उपचार न मिलने के कारण उन्हें झांसी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संघ ने शासन से नियम अनुसार उपचार हेतु राहत राशि उपलब्ध कराने की मांग भी की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान पटवारी संघ तहसील अध्यक्ष कृष्णभान सिंह यादव, घनश्याम अहिरवार, मदनलाल तुमराम, भानु प्रताप तोमर, विकास वास्केल, कलिया सहरिया, गंगा बालू, रामगोपाल यादव, वीरेंद्र नरवरिया, मनोज रावत सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# विद्यार्थी परिषद ने शहर के गांधी चौक पर वीआईटी का पुतला फूंका और विरोध जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा वुधवार को शहर के गांधी चैक पर वीआईटी विश्वविद्यालय में सुविधाओं की कमी के बाद शांतिपूर्ण विरोध करने पर सुरक्षाकर्मियों द्वारा की गई मारपीट के विरोध में पुतला फूंका गया और विरोध प्रदर्शन किया गया। छात्रों की समस्याओं का समाधान करने के स्थान पर उन पर बल प्रयोग किया जाना अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अनुसार पूर्णतः अनुचित, अमानवीय और छात्र हितों के विरुद्ध है। जिसे लेकर वुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, अशोकनगर द्वारा गांधी पार्क में वीआईटी विश्वविद्यालय एवं संस्थान का पुतला दहन किया गया, जिसमें नगर के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे और छात्रों के प्रति एकजुटता व्यक्त की। नगर मंत्री अर्चित शाक्य ने बताया कि प्रशासन छात्रों की मूलभूत सुविधाओं में तत्काल सुधार करे, स्वच्छ पेयजल और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराए, बीमार छात्रों के उपचार की समुचित व्यवस्था करे तथा छात्रों पर बल प्रयोग करने वाले जिम्मेदार व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही दूर-दराज़ से आए छात्रों की सुरक्षा एवं उन्हें सुरक्षित घर पहुँचाने की जिम्मेदारी भी संस्थान निभाए मध्य भारत प्रांत के सारे जिलों में बहन किए गए इस क्रम में अशोकनगर इकाई से पुतला जलाकर आहुति दी गई।

# परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित

## कर्मचारी संगठनों ने अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर द्वारा विभिन्न संघो के प्रतिनिधियों से प्राप्त समस्याओं एवं मांगो के संबंध में प्रस्तावों पर चर्चा की गई तथा विभागों द्वारा निराकरण किये जाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए गए।

बैठक में विभागों द्वारा परामर्शदात्री समिति की विभागीय बैठकें नियमित आयोजित किये जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका अपडेट, वेतन विसंगति, डीए एरियर, क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान सहित अन्य संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई एवं निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में कर्मचारियों के स्वत्वों के भुगतान,अर्जित अवकाश के भुगतान के संबंध में विभागों को आदेश जारी किये जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर आर.बी. सिण्डोस्कर,संबंधित



विभागों के जिला अधिकारी तथा विभिन्न कर्मचारी संघो के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**शिक्षक संघ ने कलेक्टर से भेंटकर ज्ञापन सौंपा** शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने शिक्षकों की समस्याओं को उठाते हुए कहा कि 12 और 24 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षकों को पूरी तरह से क्रमोन्नत वेतन का लाभ नहीं मिल पा रहा है।कई शिक्षक क्रमोन्नति आदेश का इंतजार कर रहे है तो जिनको क्रमोन्नति आदेश मिल गए, वह एरियर का इंतजार कर रहे है। प्रयोगशाला सहायक परिवीक्षा अवधि समाप्त होने के आदेश जारी किए जाएं। बीएसी सीएसी से प्रतिनियुक्ति समाप्ति के बाद संबंधित शिक्षकों की पदस्थापना विद्यालयों में की जाए। परामर्शदात्री समिति की बैठकों में अधिकारियों की जवाबदेही निश्चित की जाए एवं बैठकों में उठाए गए मुद्दों का समय सीमा में निराकरण किया जाए। शिक्षकों को शासन की विभिन्न योजनाओं एवं अन्य शैक्षिक कार्यों में लगा दिया जाता है,जिससे शिक्षक मानसिक रूप से प्रताड़ित होता है। परीक्षाओं का समय नजदीकी है। अतःशिक्षकों को स्वतंत्र रूप से शिक्षण कार्य कराने दिया जावे। एसआईआर के कार्य में सुपरवाइजर और बीएलओ ने कम समय में बेहतरीन कार्य किया है। अतः एसआईआई में संलग्न ऐसे सभी शिक्षकों, कर्मचारियों को खुले मंच से सम्मानित किया जाए।

# अखिल भारतीय रघुवंशी क्षत्रिय महिला परिषद ने भव्य राम बारात निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

विवाह पंचमी के अवसर पर अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महिला परिषद द्वारा श्री राम विवाह उत्सव पर विशाल आयोजन किया गया। मार्गशीर्ष मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि, जिसे विवाह पंचमी के रूप में मनाया जाता है, पर इस वर्ष अशोकनगर में भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। बड़ी संख्या में महिलाएं चल समारोह में शामिल हुईं।

अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महिला परिषद के तत्वावधान में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की भव्य बारात निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में परिषद और रघुवंशी समाज सहित अन्य समाजों की महिलाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम



की शुरुआत सुबह श्री राम मंदिर में पूजन और छप्पन भोग प्रसाद के साथ हुई। परिषद की सदस्याओं ने पारंपरिक परिधानों में बारात को नेतृत्व प्रदान किया। बारात में भगवान राम और माता सीता की सुंदर झाँकी प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहीं, ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजे और भक्ति गीतों की धुन पर महिलाएं नाचते-गाते चल रहीं थे। मार्ग में जगह-जगह अलग अलग संगठनों और समाज सेवियों ने पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया। परिषद की अध्यक्ष ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य न केवल धार्मिक आस्था को बढ़ाना है, बल्कि समाज को भगवान राम और माता सीता के आदर्श दांपत्य जीवन से प्रेरणा लेने के लिए भी प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि विवाह पंचमी पर आयोजित इस समारोह के एक दिन पूर्व हल्दी, मेंहदी और मंगल गीतों का भी भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान सीता-राम विवाह की रस्मों का मंचन किया गया, जिसमें धनुष यज्ञ और वरमाला का आयोजन भी हुआ।जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए गए। विवाह उत्सव के अंत में भगवान राम और माता सीता की महाआरती की गई।

# चंदेरी महोत्सव में 28 से 5 तक होग कार्यक्रमों का आयोजन

## 29 कंपनियां ले रही हैं हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के चन्देरी नगरी में 28 नबंवर से 3 दिसंबर तक 5 दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों में चन्देरी की ऐतिहासिकता, संस्कृति और चन्देरी शिल्प की जानकारी फैशन शो के माध्यम से भी प्रदान की जाएगी। कलेक्टर आदित्य सिंह ने बताया कि एमपीआइडीसी के माध्यम से यह 5 दिवसीय आयोजन किया जा रहा है जिसमें 29 कंपनियां भाग ले रही हैं। इन कंपनियों के पदाधिकारी इस आयोजन में शामिल होगें। 28 को हस्त शिल्प पर फैशन शो कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, 29 को कंपनी अपनी जानकारी प्रदान करेंगीं। 30 नबंवर को लोकल गतिविधियां होगीं जिसमें मीडिया और प्रशासन के लोग शामिल होगें, खेल कूंद की गतिविधियां भी आयोजित की जाएगीं। जिसे आनंद उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। 01 दिसंबर को संस्कृति विभाग के द्वारा नृत्य की सामुहिक प्रस्तुती प्रदान की जाएगी। 2 दिसंबर को कविता सेठ गायिका अपनी प्रस्तुती प्रदान करेंगी और 3 दिसंबर को भी अंतिम दिन विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 28 नबंवर को जिले के चन्देरी मुख्यालय पर आयोजित होने वाले चन्देरी महोत्सव का शाम 5 बजे शुभारंभ करेगें। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री शाम 8 बजे तक चंदेरी कार्यक्रम में रहेगें और बाद में गुना के लिए प्रस्थान करेगें।


## थूवोन जी में धर्मसभा को संबोधित करते हुए सुधासागर महाराज ने कहा...

# अच्छे कार्य में थकना नहीं चाहे कितनी बार फेल हो जाओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने थूवोन जी में एक धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छे कार्य में थकना नहीं कितनी बार फेल हो जाओ तब भी पढ़ते रहना सफलता अवश्य मिलेगी। जब भी फ़सल आयेंगी बीज बोने से आयेंगी। चाहें सौ साल तक फसल नहीं आयी हो लेकिन एक सौ एक साल हो जाये फ़सल तो खेत में बीज बपन करने पर ही आयेंगी।

उन्होंने कहा कि झूठी आस दे देकर संवरी मां ने तीन हजार साल व्यतीत कर दिये झूठी आस में वह नित्य ही प्रभु चरणों को पाने आंगन बुहार कर फूल विछाया करती थी। झूठी आस में इतना लम्बा समय व्यतीत कर दिया। अंत में एक दिन ऐसा आया कि श्री राम संवरी माता की कुटिया पवित्र करने पहुंच गए। आखिर उसने अपने





लक्ष्य को प्राप्त कर लिया।

### संसार तो सागर है इसके पास रहकर नारियल मीठा पानी देता है

उन्होंने कहा कि संसार तो सागर है इसे कभी साफ नहीं किया जा सकता सागर असीम है इसकी तह तक जाना सवके बस की बात नहीं है। इस सांसर में रहने वाला इतना ज्यादा ठगा जा चुका है कि वह हर कदम फूंक-फूंक कर रखना चाहता है। एक व्यक्ति गलत हो सकता है भीड़ गलत नहीं हो सकती। महानुभाव अदेव के पास चले जाएं तो वह ऐसा कुछ कर देता है आप बाहर ही नहीं निकल सकते। सच्चा देवाधिदेव आपको तो बुलाने वाला नही है आप आगे से निकल गये तो पूछने वाला नहीं है। कोई आपको मंत्र के द्वारा आपको कव्जे में ले ले तो वह छोड़ने वाला नहीं है। अच्छे आदमी भी यदि आतंकवादियो के चक्कर में फंस गए तो फिर जो आतंकी कहेगा वैसे ही चलना होगा, इसलिए हमें ऐसे लोगों से सावधान रहकर अपना रास्ता बनाना है।

### पंच कल्याणक महोत्सव के लिए श्री फल भेंट किए

अशोकनगर की धरा पर होने जा रहे श्रीमद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ व गजरथ महोत्सव के लिए परम पूज्य निर्यापकाचार्य मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ को श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी एवं सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से श्रीफल भेंट किए गए। जिनमें अशोकनगर जैन समाज अशोक राकेश कासंल उपाध्यक्ष अजित वरोदिया प्रदीप तारई महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई महा यज्ञ नायक सौरव बाझल मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारिल्य मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार थूवोनजी कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल महामंत्री मनोज भैसरवास सहित पंचायत कमेटी के सदस्यों ने श्री फल भेंट कर पंच कल्याणक महोत्सव में अपने सान्निध्य का निवेदन किया। इस दौरान जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल ने कहा कि परम पूज्य गुरुदेव आपके पधारने से सभी कार्यों की गति बहुत तेजी हो जायेगी। शहर वासी आपके आगमन की प्रतीक्षा कर रहे आपके विराजमान रहते ही कार्यकर्ता का जोश देखते ही बनता है।

एफआईआर कराने समाज के लोग घंटों बैठे रहे ब्यावरा थाने में, किया धार्मिक पाठ

# जिले भर में आईएएस वर्मा का पुतला फूंका, ब्राह्मण समाज ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा।



आइएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों पर की गई अभद्र टिप्पणी के प्रतिउत्तर में ब्राह्मण समाज ने पीपल चैराहे पर आइएएस वर्मा का पुतला दहन करते हुए नारेबाजी की और सिटी थाने जाकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन एसडीओपी को सौंपा। वहीं नरसिंहगढ़ में भी छतरी चैराहे पर समाज के लोगों ने एकत्रित होकर आईएएस वर्मा का पुतला दहन किया और तहसीलदार विराट अवस्थी व थाना प्रभारी शिवराजसिंह चैहान को ज्ञापन सौंपा। उल्लेखनीय है कि रविवार को आइएएस वर्मा द्वारा भोपाल में आयोजित अजाक्स संगठन के कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज की बेटियों को लेकर आपत्तिजनक बयान दिया है। उस बयान के विरोध में जिलेभर के ब्राह्मण समाज सहित अन्य समाजों में गुस्सा व्याप्त है।

## एफआईआर कराने की मांग को लेकर बैठे धरने पर

पुलिस अधिकारियों को एफआईआर का आवेदन सौंपा कहा कि जब तक एफआईआर नहीं होगी समाज के लोग धरने पर बैठेंगे। धरने पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया।

इसके बाद एसडीओपी, थाना प्रभारी ने आवेदन को जांच में लेने व एफआईआर करने के लिए समझाया।लेकिन समाज मानने को तैयार नहीं थी। प्रतिनिधिमंडल से बात की। इसके बाद फिर से एसडीएम गोविंद दुबे, एसडीओपी शर्मा व थाना प्रभारी वीरेन्द्र धाकड़ ने जांच कर एफआईआर का आश्वासन दिया। इसके बाद धरना समाप्त किया गया।

## ब्राह्मण समाज ने आईएएस अधिकारी के कथित बयान पर जताया आक्रोश, पुतला दहन कर सौंपा ज्ञापन

सारंगपुर में भी बुधवार को ब्राह्मण समाज सारंगपुर द्वारा स्थानीय परशुराम चैराहे पर आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के कथित विवादित बयान के विरोध में पुतला दहन किया गया। समाज प्रतिनिधियों ने अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर उक्त टिप्पणी पर कड़ा विरोध दर्ज कराया तथा कार्रवाई की मांग।

## पुतला दहन कर एफआईआर और बर्खास्तगी की मांग की

नरसिंहगढ़ में ब्राह्मण समाज की बेटियों एवं समाज की मर्यादा पर आईएएस संतोष वर्मा द्वारा की गई अत्यंत आपत्तिजनक एवं भड़काऊ टिप्पणी के विरोध में आज नरसिंहगढ़ में ब्राह्मण समाज के बैनर तले जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। छतरी चैराहे पर समाजजन बड़ी संख्या में एकत्र हुए, जहाँ संतोष वर्मा का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया गया। समाज के सदस्यों ने इस आक्रोशपूर्ण घटना के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए आरोपी अधिकारी पर कठोर कार्रवाई की मांग की।

## एफआईआर की मांग पर अड़े समाजजन

ब्रहामण समाज की बेटियों के बारे में कथित रूप से अपमानजनक बयान देने वाले आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ राजगढ़ मुख्यालय पर ब्रहामण समाज ने प्रदर्शन किया। इस दौरान समाजजनों सहित अन्य द्वारा न केवल वर्मा का पुतला दहन किया गया बल्कि सभी एकत्रित होकर थाने पहुंचे और आईएएस वर्मा पर एफआईआर दर्ज करने की मांग रखी। इसके पूर्व समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि सिविल सर्विसेज से जुड़े अधिकारी द्वारा बेटियों के लिए कहे शब्दों से न केवल बेटियों बल्कि सभी मातृ-शक्तियों की भावनाएं व सम्मान आहत हुआ है। ऐसे अधिकारी को सरकार और शासन को पद से पृथक कर देना चाहिए। पदाधिकारियों ने कहा कि आईएएस वर्मा की प्रवृत्ति पूर्व से आपराधिक रही है। मुख्यमंत्री को यह बात संज्ञान में लेकर उन्हें निलंबित या पद से पृथक करने का प्रस्ताव भारत सरकार को भिजवाना चाहिए।

जिला पंचायत सीईओ ने किया था आकस्मिक निरीक्षण

# चार विभागों के औचक निरीक्षण में नदारद मिले 38 कर्मचारी



**राजगढ़।** जिले के विभिन्न सरकारी महकमों में कर्मचारियों के लेट पहुंचने की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत सीईओ श्री इच्छित गढ़पाले ने बुधवार सुबह चार विभागों जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय, जनपद पंचायत, डीपीसी कार्यालय एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा दफ्तर का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान सभी चारों विभागों को मिलाकर कुल 38 कर्मचारी निर्धारित कार्यालयीन समय पर ऑफिस से नदारत पाए गए। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए सीईओ श्री गढ़पाले द्वारा सभी 38 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं कुछ का आधे दिन का वेतन काटने के निर्देश प्रदान किए गए हैं।

## कहां, कौन मिला अनुपस्थित?

सीईओ गढ़पाले सुबह 10.40 पर डीपीसी कार्यालय पहुंचे। यहां ओपी नामदेव, प्रवीण सक्सेना, नीरज व्यास, राजेश तोमर, रवि खरे, विभूति दुबे, फरीदा कुरेशी, गफूर खान, लक्ष्मीनारायण, धीरप सिंह एवं कोमल पांडे दफ्तर से नदारत मिले। इसी तरह जनपद पंचायत कार्यालय राजगढ़ के निरीक्षण में दीपक यादव, नीलम लोधी, रामचंद्र सरावत, उपयंत्री अमित तिवारी, बलवीर सिंह, राखी श्रीवास्तव, महेश मालवीय, संतोष कोले उपस्थित नहीं मिले। जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय के निरीक्षण में प्रदीप शर्मा, महेंद्र परमार, भूपेंद्र सिंह, यशपाल हाड़ा, जीतेंद्र वर्मा, टीना गुप्ता, रोहित शाक्य, राजेश विजयवर्गीय, राजू सेन, दिलीप सांकला, मोहम्मद जाकिर निर्धारित समय पर दफ्तर में नहीं पाए गए। इसी तरह ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के निरीक्षण के दौरान राकेश भील, कपिल शाक्य, बादल मेवाड़े, नैना सोनी व अन्य कार्यालय में अनुपस्थित पाए गए। उक्त सभी कर्मचारी अपनी-अपनी शाखाओं में विभिन्न दायित्वों का निवर्हन करते हैं।

# आप लोगों से चर्चा कर संगठन को मजबूत बनाना है : टेलर

**कुरावर।** गुरुवार को सुबह भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का नगर में प्रथम आगमन पर विधायक मोहन शर्मा के नेतृत्व में भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी ढोल धमाकों सहित पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया।

नगर में विधायक मोहन शर्मा एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ दिनेश मंडलोई ने उन्हें साफा व पुष्प माला पहनकर मंगल तिलक लगाया तथा उनकी नव नियुक्ति पर बधाई दी। इसके पश्चात नगर के भाजपा नेता अनिल माहेश्वरी के निवास पर



नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष टेलर का स्वागत हुआ। इस अवसर पर टेलर ने कहा कि आज समय काम है मैं वापस आऊंगा मुझे आप लोगों से चर्चा करनी है संगठन को और अधिक मजबूत बनाना है। नगर परिषद कार्यालय में भी नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष टेलर का स्वागत किया गया जहाँ बाला प्रसाद चंद्रवंशी सहित समस्त पार्षदों ने स्वागत किया। तत्पश्चात टेलर शाजापुर के लिए निकल गए।

इस अवसर पर मंडल महामंत्री रामेश्वर नायक, राधेश्याम पचवारिया, ब्रजकिशोर मीणा, कैलाशराज, लक्ष्मण सिंह राणा, मोती सिंह बिलहरी, महेश भावसार, सुरेश गोयल, गोपाल मीणा, जितेंद्र सेन, कपिल चंद्रवंशी, पारस सक्सेना, रामचंद्र चंद्रवंशी, रितेश मंडलोई आदि उपस्थित थे।

# भाजपा ने मनाया संविधान दिवस, बाबा साहेब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**ब्यावरा।** आज पुराने बस स्टैंड पर बाबा साहेब की मूर्ति पर भाजपा मंडल द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान दिवस पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और पुष्प वर्षा की गई इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव के नेतृत्व में ने बताया कि 1949 को आज ही के दिन हमारे संविधान को स्वीकृति मिली थी, और 26 नवंबर 1949 लागू किया गया और तभी से भारत का संविधान ही वह शक्ति है जिसने देश की विविधता को एकता में समाहित किया है।आइये आज हम सब मिलकर संकल्प लें कि इस संविधान का पालन करते हुए देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाये रखने का सदैव प्रयास करते रहेंगे। नगर पालिका



परिषद के वरिष्ठ पार्षद गोपाल जाटव ने कहा कि हमारे संविधान के करण ही आज के युवाओं को जिम्मेदारी और गर्व से प्रेरित करने से लोकतांत्रिक मूल्य और देश का भविष्य मजबूत होगा। इस महान देश के नागरिक के तौर पर अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने का वादा फिर से हम करें, और इस तरह एक विकसित और मजबूत भारत बनाने में अहम योगदान हम सबका हो।

# संविधान दिवस पर विधायक मोहन शर्मा ने कहा- भाजपा ने संविधान मजबूत करने का काम किया



**कुरावर।** नगर में बुधवार को सुबह नगर परिषद परिसर में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मोहनशर्मा ने कहा कि जब देश एवं प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी तब जगह-जगह बम विस्फोट होते थे सरकार के अनुसार संविधान चलते थे लेकिन अब संविधान के अनुसार सरकारी चल रही हैं। जब से देश एवं प्रदेश में भाजपा सरकार आई है संविधान और मजबूत बनाने का प्रयास किया है, लोकतंत्र मजबूत हुआ है। उन्होंने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं को संविधान की शपथ भी दिलाई। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य बाला प्रसाद चन्द्रवंश, नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सेन, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर दिनेश मंडलोई, मंडल महामंत्री रामेश्वर नायक, राधेश्याम पचवारिया, अशोक मीणा, भोलू मीणा, सुनील मीणा, रवि मीणा, ओम शर्मा, भूरा मीणा, जितेंद्र सेन, कपिल चंद्रवंशी, पारस सक्सेना, रामचंद्र चंद्रवंशी, रितेश मंडलोई आदि।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया

# 15 घंटे से लापता महिला का शव नेवज नदी में उतराता मिला

**राजगढ़।** नगर के जय स्तंभ चैक के ठीक सामने निवासरत 53 वर्षीय विवाहिता महिला का शव नेवज नदी के बड़े पुल में उतराता मिला है। मृतिका बीते करीब 15 घंटे से लापता थी एवं परिजनों द्वारा थाने में गुमशुदगी भी दर्ज करवाई गई थी।

बुधवार सुबह करीब 6 बजे नदी के आसपास से गुजर रहे लोगों ने इस बात की सूचना पुलिस को दी। जानकारी के अनुसार ममता पत्नी



गिर्राज गुरगेला उम्र करीब 53 वर्ष मंगलवार दोपहर घर में बगैर किसी को कुछ बताए अचानक कहीं चली गई। पति और पुत्र कैलाश द्वारा पड़ोस सहित रिश्तेदारों के यहां उनकी पता लगवाया गया लेकिन वे नहीं मिली। देर शाम परिजनों द्वारा कोतवाली थाने पहुंचकर उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। बुधवार सुबह करीब 6 बजे नेवज नदी के पुराने बड़े पुल के नीचे आसपास से गुजर रहे लोगों ने किसी महिला का शव नदी में उतराता देखा और पुलिस को इस बात की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और नपा की टीम ने शव को नदी से निकालकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

पहले मृतका का शव अस्पताल से लेकर भाग निकले, पुलिस के दखल के बाद दोबारा शव लेकर मर्चुरी पहुंचे जैन परिवार

# आरती का पिता बोला - खेत से उठाकर ले गए बेटी को, 19 घंटे बाद हुआ पीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सहरिया जनजाति की बेटी को यूपी ललितपुर के गांव बिनेकापुर से खेत पर काम करते उठाकर लाने के आरोप लड़की के पिता रामदास ने फोन पर मीडिया को बताए। उन्होंने बोला कि मेरी बेटी खेत पर काम कर रही थी तो जैत अग्रवाल एवं अंतिमा उसे उठाकर अपने साथ ले गए। इतना जरूर बताते हैं कि शादी की बात चल रही थी परंतु शादी का तारीख तय नहीं हुई थी। उधर जैन परिवार का कहना है कि हमने शादी के कार्ड छपवा लिए थे जिसे थाने में भी दे दिया गया है ।

जैन परिवार के करीबी संजय शर्मा ने हरिभूमि के कार्यालय में आकर जो शादी का कार्ड दिखाया उसमें 30 नवंबर 25 को शादी होना बताया जा रहा है ऐसे में जब लड़की के पिता को पता ही नहीं है तो फिर कार्ड की उपयोगिता कितनी मानी जानी चाहिए। उधर लड़की को ललितपुर से लेकर आने वाले जैत व अंतिमा को चंदेरी से सोनू जैन मिला जिसकी छोटे भाई से शादी होना बताया जा रहा है। प्रश्न यह है कि कैसे सहरिया जनजाति की लड़की से जैन समुदाय शादी कर रहा था? फिर उसको उठाकर क्यों लाया जा रहा था?चंदेरी में सोनू जैन कैसे मिला? फिर उसकी तबियत यकायक कैसे खराब हुई और ब्यावरा आते आते उसकी मौत हो गई। जिसे सिविल अस्पताल में लाने पर उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया था, जिसके बाद उसको लेकर आने वाले लोगों ने डॉक्टर को गुस्सा दिखाना चालू कर दिया और बिना कुछ बताए ही आरती को अन्य जगह इलाज के लिए डॉक्टर से बोलने लगे, और 108 पर कॉल कर



दिया जब समय पर 108 नहीं पहुंची तो आरती के साथ मौजूद लोग उसे निजी सफेद कलर की टवेरा वाहन में लेकर भाग खड़े हुए।

## ड्यूटी डॉक्टर ने दी पुलिस को सूचना

जब ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर लखन दांगी को मामला संदिग्ध स्थिति में लगा। और परिजनों की हड़बड़ाहट से उनको पूरा शक हो गया। जिसके तुरंत बाद उन्होंने देहात थाना पुलिस को पूरी सूचना दी गई। जिसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखते हुए जैसे तैसे गाड़ी में मौजूद जैन परिवार के लोगों से संपर्क कर दोबारा शव अस्पताल लाने को कहां। जब साथ में मौजूद लोगों ने आना कानी करने की कोशिश की तो पुलिस ने उनके खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही, तब जाकर वहां अस्पताल पहुंचे और शव को रात 2 बजे के लगभग शवगृह में रखवा दिया गया।

## शव को मर्चुरी में रखने के बाद शुजालपुर के जैन परिवार को होने का ऐसे खुलासा हुआ

जब इस मामले में पुलिस ने तहकीकात शुरू की तो पता चला कि शुजालपुर निवासी जैन परिवार आरती को लेकर उत्तरप्रदेश के ललितपुर जिले के विनेकामाफी गांव से शादी के लिए लेकर आ रहे थे। लड़की के साथ उसका कोई भी परिजन मौजूद नहीं था। ललितपुर से निकलने के बाद आरती की तबीयत लगातार बिगड़ती ही जा रही थी। तब जाकर जैन परिवार के लोगों ने उसका औपचारिक इलाज चंदेरी में किए जाने की बात कर रहे थे। चंदेरी से निकलने के बाद ब्यावरा पहुंचने के पहले ही आरती की मौत हो चुकी थी। मृत अवस्था में ही जैन परिवार दिखवा करने ओर मृत्यु का राज छिपाने के लिए उसे सिविल अस्पताल ब्यावरा लेकर पहुंचे थे।

## 19 घंटे बाद क्यों हुआ आरती का पीएम

मृत शव को मर्चुरी में रखवाने के बाद थाने चली गई, 25 तारीख को जब उसके परिजन दिन के 11 बजे के लगभग ब्यावरा पहुंचे। जहां पर दोनों पक्षों को लेकर देहात थाने ब्यावरा में पदस्थ एएसआई लाखन सिंह दिन भर उलझे रहे। उसके बाद शाम 5 बजे के बाद यानी लगभग 19 घंटे बाद डॉक्टर तरुणिमा पटेल ने आरती का पोस्टमार्टम किया। उसके बाद शव को आरती के परिजन ललितपुर लेकर रवाना हो गए। लेकिन जैन परिवार के लोग ब्यावरा शवगृह के पास पुलिस के साथ मौजूद थे। जैसे ही रात 7रू30 बजे के लगभग मीडिया के कुछ लोग शवगृह के सामने पहुंचे तो आरती के परिजन तो वहां नहीं मिल पाएं लेकिन जैन परिवार के लोग वही मौजूद थे। जैसे ही मीडिया ने उनसे पूछना शुरू किया तो भाग निकले।

वन विभाग के द्वारा करवाया गया प्रतियोगिता का आयोजन

# जैव विवधता को लेकर हुई क्विज आयोजित, पुरस्कृत हुए होनहार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

वन विभाग से जुड़े राज्य जैव विवधता बोर्ड के तत्वावधान में स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय में जैव विविधता पर जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों की कई टीमें सम्मिलित हुईं। अंत में विजेता टीमों को विभाग द्वारा प्रमाण-पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

क्विज में शामिल शासकीय हाईस्कूल पाडलियाखेड़ी की टीम में शामिल स्वयंप्रकाश, नरेंद्र एवं अभिषेक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह शासकीय मॉडल उमावि नरसिंहगढ़ की टीम में शामिल कुमारी शीतल, कुमारी वंदना एवं कुमारी लक्ष्मी द्वितीय स्थान पर रहीं। सांदीपनी विद्यालय जीरापुर की टीम के पुष्पेंद्र, हरिओम एवं मोहित तृतीय स्थान पर रहे।

विजेता टीमों को डीएफओ बेनीप्रसादा दोतानिया, उप मंडल अधिकारी दिनेश यादव, रेंज ऑफिसर शिवकुमार चैहान, रेंजर गुलाब सिंह द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर वनपाल राजू गुर्जर, लाखन सिंह चैहान, हेमराज कुशवाह, भानु प्रताप खिंची, क्विज समन्वयक राधेश्याम पुरवैया, कमल चैहान, शिक्षिका दीपा, प्राचार्य महेश गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

विभाग के अधीक्षण यंत्री के निवास पर लगाया गया पहला स्मार्ट मीटर, घर-घर में लगाने की कवायद

# राजगढ़ नगर के हर उपभोक्ता के घर कल से लगेंगे स्मार्ट मीटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विद्युत वितरण कंपनी द्वारा आगामी एक-दो दिन में राजगढ़ नगर के प्रत्येक घर में स्मार्ट मीटर लगाने की शुरूआत करने जा रही है। कंपनी द्वारा इसके कार्य के लिए नगर की कुछ कॉलोनियों में भी सर्वे किया जा चुका है। विभाग ने बुधवार को पहला घरैलू स्मार्ट मीटर विद्युत विभाग के अधीक्षण यंत्री सुनील खरे के निवास पर लगाते हुए इसकी शुरूआत की। उल्लेखनीय है कि राजगढ़ नगर में करीब 9 हजार 500 घरैलू बिजली कनेक्शन हैं। इन सभी घरैलू कनेक्शन पर विद्युत वितरण कंपनी पुराने मीटरों को हटाकर नए स्मार्ट मीटर लगाने जा रही है।

बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा इस कदम को बिजली उपभोक्ताओं के लिए फायदेमंद बताया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि स्मार्ट मीटरों को लगाए जाने के संबंध में गुना सहित प्रदेश के अन्य जिलों में व्यापक स्तर पर विरोध प्रदर्शन हो चुके हैं। कहीं-कहीं तो बिजली कंपनी को स्मार्ट मीटर लगाने के लिए अपने कदम से पीछे भी करने पड़े थे।

**शिवधाम कॉलोनी, गिरनार कॉलोनी में हुआ सर्वे**



सूत्रों के मुताबिक विद्युत विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने के संबंध में नगर की शिवधाम कॉलोनी एवं गिरनार कॉलोनी में सर्वे भी किया जा चुका है। इस सर्वे के उपरान्त कल बुधवार को पहला स्मार्ट मीटर एसई के निवास पर लगाया गया है।

## विभाग बता रहा यह फायदे

विद्युत वितरण कंपनी राजगढ़ शहर के कनिष्ठ यंत्री शिवांश त्रिपाठी से स्मार्ट मीटर के संबंध में बात करने पर उनका कहना था कि स्मार्ट मीटर लगाने के कईं फायदे हैं। मीटर की रीडिंग सीधे कंपनी के डेटा सेंटर/कन्ट्रोल रूम में पहुंच जाया करेगी। मीटर रीडर को रीडिंग लेने नहीं आना पड़ेगा। ऐसे में हर महीने एक या 2 तारीख को बिल जनरेट हो जाया करेगा। उपभोक्ताओं को शिकायत रहती है कि उनके बिल की रीडिंग कभी किस दिनांक तो कभी फलाने दिनांक को ली जा रही है, यह समस्या स्मार्ट लगने के बाद खत्म हो जाएगी।

## शासकीय दफ्तरों में पूर्व से लगाए जा चुके हैं ये मीटर

आपके बतादें कि कंपनी की गाईड लाईन के मुताबिक राजगढ़ के सभी सरकारी कार्यालयों, विभागों में पूर्व से स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। अब कंपनी आमजनों के घरों में स्मार्ट मीटर लगाने की शुरूआत करने जा रही है।

## स्मार्ट मीटर लगाना शुरू

हां, यह सही है राजगढ़ नगर के सभी घरैलू उपभोक्ताओं के यहां आगामी एक-दो दिन में हम स्मार्ट मीटर लगाना शुरू करने जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर के बहुत लाभ हैं परन्तु कुछ गलतफहमियों के वजह से लोग समझ नहीं पाते।

- शिवांश त्रिपाठी,
जूनियर इंजीनियर, राजगढ़ टाउन